ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 06-05-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-05-06 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-05-07	2022-05-08	2022-05-09	2022-05-10	2022-05-11
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	41.0	42.0	43.0	43.0	44.0
न्यूनतम तापमान(से.)	29.0	30.0	30.0	29.0	30.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	28	37	40	32	39
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	11	8	8	8	8
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	18.0	21.0	22.0	22.0	21.0
पवन दिशा (डिग्री)	252	247	236	238	239
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि होने के साथ लू चलने की सम्भावना हैं। आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 41.0 से 44.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 29.0 से 30.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

उच्च तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए किसान भाई सब्जियों व बागानों में अतिरिक्त सिंचाई अवश्य दे।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने तथा तेज हवायें चलने की संभावना हैं।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	कपास की फसल में जड़ गलन रोग के नियंत्रण के लिए ट्राइकोड्रमा हारजेनियम 10 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। फसल को दीमक के प्रकोप से बचाने के लिए बुवाई के समय क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत की 25 किलो मात्रा प्रति हैक्टेयर की दर से डालें।
कपास	किसान भाई कपास की बुवाई करें। देशी कपास की आर.जी-8, आर.जी.-18, राज.डी.एच.-9, आर.जी.-542, एच.डी.-123। अमेरिकन कपास की बीकानेरी नरमा, गंगानगर अगेती, आर.एस.टी-9, आर.एस.-2013, आर.एस.-810, आर.एस.-875, मरू विकास उन्नत किस्मों की बुवाई करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	फसल को बीज जनित रोगों से बचाने के लिए एक ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का 10 लीटर पानी में घोल बनाकर बीज उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	बैंगन की फसल में फल छेदक कीट की लटे फल में छेद कर अन्दर से गुददे को खाती है इसके नियंत्रण हेतु प्रभावित फलों को तोडकर मिट्टी में दबाएं तथा क्यूनालफास 1 मि.ली. का प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करे।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
मिट्टी परीक्षण	किसान भाई मृदा परीक्षण के लिए 30 सेंटीमीटर गहराई तक से मिट्टी का नमूना इकट्ठा कर मिट्टी का परीक्षण नजदीकी प्रमाणित एजेंसियों या सरकारी कार्यालय से कराएं।
सामान्य सलाह	इस महीने में उच्च तापमान के परिणाम स्वरुप जानवरों में निर्जलीकरण, शरीर में लवण और भूख की कमी व उत्पादन में कमी आदि की समस्या रहती हे। इसलिए उच्च तापमान से जानवरों की रक्षा करना अनिवार्य है। पशुओं को नियमित रूप से नमक दे। आहार में खनिजलवण की मात्रा पर्याप्त हो ताकि हार्मोन्स का संतुलन पशुओं के शरीर में बना रहे।